दिनांक 16.09.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम क्षेत्र मे स्वच्छता ही सेवा पखवाडा का शुभारंभ

भिलाईनगर/स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत निगम के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित कर पखवाड़े की शुरूवात की गई , मुख्य आयोजन गुरूनानक सरोवर नेहरू नगर में किया गया। लोगों को जागरूक करने पावर हाउस मार्केट क्षेत्र में रैली निकाला गया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की शुरूवात करते हुए महापौर नीरज पाल ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन के अभिन्न कार्य है , शरीर स्वच्छ रहेगा तो मन स्वस्थ रहेगा। उसी प्रकार शहर स्वच्छ रहेगा तो नागरिक स्वस्थ रहेगें। शहर की हवा शुद्व रहेगी। नगर की स्वच्छता जन भागीदारी के बिना पुरा नहीं हो सकता। गुरूनानक सरोवर (भेलवा तालाब) नेहरू नगर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत महापौर नीरज पाल स्वास्थ प्रभारी लक्ष्मीपति राजू प्रभारी सदस्य चंद्रशेखर गंवई, नेहरू नगर के वरिष्ठ नागरिकों के साथ सरोवर के चारो ओर झाडू लगाकर किया तथा सफाई मित्रो के साथ रैली निकालकर लोगो को स्वच्छता कार्य से जोड़ने के लिए प्रेरित किये। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी परिपत्र के आधार पर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निगम क्षेत्र में 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आयोजित किये जाने जोन आयुक्तों को कहा है। इधर शहर के सबसे व्यवस्तम बाजार क्षेत्र पावर हाउस में सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने प्लास्टिक के विक्रय को बंद करने जनचेतना के लिए स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत जोन 03 के आयुक्त, जोन के सफाई टीम के साथ पुराना रोजगार कार्यालय पावर हाउस परिसर से रैली निकालकर जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, नंदनी रोड संत रविदास नगर लिंक रोड मार्केट का भ्रमण कर प्लास्टिक को प्रतिबंधित कर, पर्यावरण की रक्षा करने, सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, जागरूकता लाने नारे लगाते हुए रैली निकाला। स्वच्छता की सेवा पखवाड़ा में अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। 18 से 25 सितम्बर तक सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, 15 से 30 सितम्बर तक स्वच्छता ही सेवा सफाई अभियान तथा 1 व 2 अक्टूबर को स्वच्छता दिवस को त्यौहार के रूप में मनाये जाने के निर्देश है। कार्यक्रमों में महापौर, पार्षद, छात्र छात्रायें, स्वच्छता मित्र, शहर के नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित किया जाना है। रैली मे जोन आयुक्त स्वास्थ अधिकारी , जोन स्वास्थ अधिकारी , स्वास्थ सुपरवाइजर, सफाई मित्र भी शामिल हुए।